प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा तीन दिनों के लिए स्थगित करने का दिया आदेश, नियमावली की समीक्षा का निर्देश, अब तक हो चुकी है 12 अभ्यर्थियों की मौत।
2. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के जीवन में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सात योजनाओं को दी मंजूरी।
3. इडी ने धनबाद के कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह की एक करोड़ तिरसठ लाख रुपये की अचल संपत्ति जब्त की, एनआरएचएम निधि में नौ करोड़ से ज्यादा के गबन के है आरोप।
4. मौसम विभाग ने रांची, दुमका और देवघर समेत राज्य के कई जिलों में आज बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट किया जारी।
5. पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने एक दिन में जीते सात पदक, भाला फेंक में सुमित अंतिल और बैडमिंटन में नितेश कुमार ने हासिल किये गोल्ड मेडल।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया अगले तीन दिनों तक के लिए स्थगित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलते ही पुलिस मुख्यालय ने पांच सितंबर तक सभी केन्द्रों पर होने वाली भर्ती की शारीरिक परीक्षा स्थगित करने का आदेश जारी कर दिया। उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान अब तक 12 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए भर्ती नियमावली की समीक्षा करने और पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत देने के निर्देश दिये हैं।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया सितंबर के बाद पूरी करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए यह समय उपयुक्त नहीं है।

श्री सरमा ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे इस मामले को मानवाधिकार आयोग ले जायेंगे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपये सहायता राशि देने की मांग भी सरकार से की।

****

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के जीवन में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए 14 हजार दो सौ 35 करोड़ रुपये की लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने दो हजार आठ सौ 17 करोड़ रुपये की लागत वाली डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दे दी है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाजपा भारत की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो अपने काम का विस्तार करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन कर रही है। नई दिल्ली में पार्टी की सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय देश के सीमावर्ती गांवों को अंतिम गांव के रूप में जाना जाता था और यह नकारात्मकता को दर्शाता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सीमावर्ती गांव को आखिरी गांव की जगह पहले गांव का दर्जा दिया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार जन–मन योजना के माध्यम से गांवों में लोगों के जीवन में बडा बदलाव ला रही है।

****

प्रवर्तन निदेशालय–इडी ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में नौ करोड़ उनचालीस लाख रुपये के गबन के आरोपी धनबाद के कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इडी ने श्री सिंह और उनके परिजनों की एक करोड़ तिरसठ लाख रुपये की अचल संपत्ति अस्थायी तौर पर जब्त कर ली है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत की गयी।

****

धनबाद जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम गति पकड़ रहा है।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के अलावा कोयलांचल और संताल के इलाके में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि पांच सितंबर तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश की संभावना है।

****

पेरिस पैरालिंपिक के चौथे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण समेत सात पदक हासिल किये। सुमित अंतिल ने भाला फेंक और नितेश कुमार ने बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया को तीन दिनों तक रोकने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है– मुख्यमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया तीन दिन रोकी, नियमावली की होगी समीक्षा।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– पोस्टमार्टम में खुलासा...दौड़ने से बढ़ रहा बीपी, अभ्यर्थी हो रहे हार्ट अटैक के शिकार।

दैनिक जागरण लिखता है– उत्पाद सिपाही बहाली स्थगित, बदलेगी नियमावली।

हिन्दुस्तान और रांची एक्सप्रेस ने पैरालंपिक में नितेश और सुमित के स्वर्ण पदक जीतने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने 2 हजार आठ सौ सत्रह करोड़ रुपये के कृषि मिशन को कैबिनेट की मंजूरी मिलने और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया के दौरान 12 अभ्यर्थियों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****